



जोश हेजलवुड पिछले कुछ समय से फिटनेस की समस्याओं से जूझ रहे हैं लेकिन नेशनल टीम की जगह उन्होंने आईपीएल में लौटने का फैसला किया। वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल की तैयारियों पर ये बड़ा सवाल खड़ा करती है। - **मिशेल जॉनसन**

**पूर्व ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर, दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया की हार का जिम्मेदार ठहराते हुए।**

# खेल जगत

**आज का खिलाड़ी**

## पारसा मंसूर



**इजरायल** और ईरान के बीच जंग गंभीर मोड़ पर पहुंच चुका है। दोनों तरफ से एक-दूसरे के खिलाफ हमले जारी है। वहीं राष्ट्रीय पैडल टीम के एक प्रमुख सदस्य पारसा मंसूर की मौत हो गई है। पारसा मंसूर की मौत उस वक्त हुई जब वह ट्रेनिंग के बाद घर लौट रहे थे और मिसाइल हमलों में वह गंभीर रूप से घायल हो गए थे और बाद में उन्होंने दम तोड दिया। ईरानी टेनिस महासंघ और खेल समुदाय ने मंसूर की मौत पर गहरा दुख व्यक्त किया है अपने समर्पण और केल कौशल के लिए पहचाने जाने वाले मंसूर को खेल में उभरता सितार माना जाता था।

**क्या आप जानते हैं ?...** हेडिंग्ले क्रिकेट ग्राउंड पर भारत और इंग्लैंड के बीच कुल 7 टेस्ट खेले गए हैं, इनमें से टीम इंडिया ने 2 टेस्ट जीते हैं। 1996 और 2002 में भारत जीती थी।

# विमेंस वनडे वर्ल्ड कप में 5 अक्टूबर को टकराएंगे भारत-पाकिस्तान

नई दिल्ली, 16 जून। श्रीलंका और भारत की मेजबानी में होने वाले महिला वनडे (वर्ल्ड कप 2025) 30 सितंबर से 2 नवंबर के बीच होगा। 8 टीमों के बीच टूर्नामेंट में कुल 31 मैच खेले जाएंगे, जिसके पूरे शेड्यूल की जानकारी सामने आई है। इस पूरे टूर्नामेंट में सबसे चर्चित मैच भारत और पाकिस्तान के बीच होने वाला है।

विमेंस वनडे वर्ल्ड कप 2025 का पहला मैच मंगलवार, 30 सितंबर को बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेला जाएगा। इसमें मेजबान भारत और श्रीलंका आमने सामने होगी। हाइब्रिड मॉडल के तहत होने वाले इस आयोजन में पाकिस्तान क्रिकेट टीम अपने सभी मैच कोलंबो के आर प्रेमदासा स्टेडियम में खेलेगी।वहीं भारत के साथ वर्ल्ड कप में ऑस्ट्रेलिया, बांग्लादेश, इंग्लैंड, न्यूजीलैंड, पाकिस्तान, साउथ अफ्रीका और श्रीलंका शामिल हैं। इसके अलावा फॉर्मेट की बात करें तो राउंड-रॉबिन के बाद




नॉकआउट स्टेज में 2 सेमीफाइनल होंगे। वहीं भारत और पाकिस्तान के बीच महिला वर्ल्ड कप का ये मैच 5 अक्टूबर को श्रीलंका के कोलंबो स्थिति आर प्रेमदासा स्टेडियम में खेला जाएगा। गौरतलब है कि, ऑस्ट्रेलिया 7 बार महिला वनडे वर्ल्ड कप की विजेता बन चुकी है, वहीं इंग्लैंड ने चार बार और न्यूजीलैंड एक बार चैंपियन बनी है। भारतीय टीम कभी महिला वनडे वर्ल्ड कप नहीं जीत सकी है, लेकिन 2 बार उपविजेता जरूर बनी है।

### वर्ल्ड कप में भारतीय टीम का शेड्यूल

30 सितंबर - भारत और श्रीलंका - बेंगलुरु-3 बजे
5 अक्टूबर - भारत और पाकिस्तान - कोलंबो, 3 बजे
9 अक्टूबर - भारत और द. अफ्रीका - विजाग- 3 बजे
12 अक्टूबर - भारत और ऑस्ट्रेलिया - विजाग 3 बजे
19 अक्टूबर - भारत और बांग्लादेश - इंदौर-3 बजे
23 अक्टूबर - भारत और न्यूजीलैंड - गुवाहाटी-3 बजे
26 अक्टूबर - भारत और इंग्लैंड - बेंगलुरु-3 बजे

## भारतीय टीम के साथ आज फिर से जड़ेंगे गौतम गंभीर

लंदन, 16 जून। भारत बनाम इंग्लैंड के बीच शुक्रवार को शुरु होने वाले टेस्ट मैच से पहले भारतीय टीम के प्रमुख कोच गौतम गंभीर कल फिर से दल के साथ जुड़ जाएंगे।



गौतम गंभीर अस्पताल में भर्ती मां के बिगड़ते स्वास्थ्य के कारण 11 जून को इंग्लैंड से दिल्ली लौट आए थे। गंभीर की अनुपस्थिति में रायन टेन डेशकाटे, सहायक कोच सितांशु कोटक और गेंदबाजी कोच मॉर्ने मोर्कल ने टीम की तैयारी की निगरानी की। इंडिया ए के कोच ऋषिकेश कानितकर भी उनके साथ थे। ऐसा माना जा रहा है कि गंभीर की मां के स्वास्थ्य में अब सुधार है और वह मंगलवार को भारतीय टीम के साथ जुड़ जायेंगे। पहले टेस्ट को देखते हुए गंभीर को टीम प्रबंधन के साथ मिलकर कुछ महत्वपूर्ण निर्णय लेने होंगे। जसप्रीत बुमराह को पांच टेस्ट में से तीन टेस्ट खेलने है। लेकिन यह स्पष्ट नहीं हुआ है कि वह कौन से तीन मैचों में खेलेंगे। इसके अलावा साई सुदर्शन और वापसी कर रहे करुण नायर के हालिया प्रदर्शन को देखते हुए विकल्पों पर विचार करना होगा।ध्रुव जुरेल और अभिमन्यु ईश्वरन भी अच्छी फॉर्म में हैं। नीतीश कुमार रेड्डी और शार्दुल ठाकुर के बीच भी चयन को लेकर भी फैसला लेना होगा।

## चौगान स्टेडियम में ग्रीष्मकालीन क्रीड़ा प्रशिक्षण शिविर का उद्घाटन

जयपुर, 16 जून। ग्रीष्म कालीन क्रीडा प्रशिक्षण शिविर का उद्घाटन मुख्य अतिथि स्वामी बाल मुकुंद आचार्य विधायक हवा महल विधानसभा क्षेत्र द्वारा किया गया। कार्यक्रम के शुभारंभ में खेल अधिकारी



मानसिंह द्वारा 16 जून से 30 जून तक आयोजित होने वाले प्रशिक्षण शिविर के बारे में जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि कैंप के माध्यम से सभी खेलों के प्रतिभावान खिलाड़ियों का चयन किया जाएगा। कैंप के समापन समारोह में चयनित प्रतिभावान खिलाड़ियों को पुरस्कार दिया जाएगा। खेल अधिकारी द्वारा मुख्य अतिथि बालमुकुंद आचार्य का माल्यार्पण कर स्वागत किया गय। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि सुरेश गुर्जर (जिला महामंत्री भा.ज.पा.), कैलाश महावर (पूर्व पार्षद), राजेंद्र पारीक एवं कई अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी उपस्थित हुए। सभी अतिथियों का खेल प्रशिक्षकों द्वारा माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि द्वारा खिलाड़ियों को खेलों के महत्व के बारे में बताया गया एवं सरकारी योजनाओं का खिलाड़ियों के को अधिक से अधिक कैसे फायदा मिले उसके बारे में समझाया। कार्यक्रम के अंत में मुख्य अतिथि स्वामी बालमुकुंद आचार्य द्वारा ग्रीष्मकालीन क्रीडा प्रशिक्षण शिविर प्रतिभा खोज का विधिवत उद्घाटन की घोषणा की गई।

## क्रिकेटर अंडर-23 टूर्नामेंट हेतु ट्रायल 18 जून से

जयपुर/दौसा, 16 जून। जिला क्रिकेट संघ दौसा के सचिव बृजकिशोर उपाध्याय ने बताया गया कि राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा अंडर -23 टूर्नामेंट 1 जुलाई से होना प्रस्तावित है । जिसके लिए जिला क्रिकेट संघ दौसा द्वारा 18 जून प्रातः 8 बजे से राजेश पायलट राजकीय स्टेडियम में ट्रायल रखी गई है । चयन ट्रायल में आने वाले खिलाड़ियों की आयु 1/9/2002 के बाद की होना आवश्यक है। सभी खिलाड़ियों को अपने मूल दस्तावेज लाना अनिवार्य है। पिछले 3 साल की मार्कशीट, कंप्यूटराइज बोनाफाइड सर्टिफिकेट ,जन्म प्रमाण पत्र ,आधार कार्ड स्वयं और माता पिता का साथ ही सभी दस्तावेज डिजिटल लाना अनिवार्य है । सचिव उपाध्याय ने बताया कि जिले की टीम का परिणाम आशनुरूप नहीं आ रहा है। हमने जिले के खिलाड़ियों को खूब मौके दिए है परन्तु खिलाड़ी अच्छा परिणाम नहीं दे पाये है इसलिए टीम में इस बार से प्रोफेशनल खिलाड़ी भी लिए जायेंगे । दौसा की टीम को मजबूत बनाने हेतु निरंतर प्रयास किए जा रहे है। टीम में चयन को पारदर्शी बनाने हेतु जिले से बाहर के कोच से ट्रायल में सिलेक्शन किया जाएगा। ट्रायल के बाद खिलाड़ियों को शॉर्ट लिस्ट कर ,जिस फॉर्मेट में टूर्नामेंट होगा उसी फॉर्मेट के हिसाब से खिलाड़ियों की टीम बनाकर अधिक से अधिक मैच कराए जाएंगे। उन मैच की परफॉर्मेंस के हिसाब से चयन समिति द्वारा जिले की टीम घोषित की जाएगी।

## इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज में यशस्वी के पास इतिहास रचने का मौका

लंदन, 16 जून। 20 जून से शुरू हो रहे पांच मैचों की टेस्ट सीरीज में इंग्लैंड के खिलाफ भारतीय युवा खिलाड़ीयशस्वी जायसवाल इतिहास रच सकते हैं। दरअसल, यशस्वी रिकॉर्ड बुक में अपना नाम दर्ज कराने और वीरेंद्र सहवाग और राहुल द्रविड़ जैसे दिग्गजों को पीछे छोड़ने के कगार पर हैं। टेस्ट क्रिकेट में 2023 में डेब्यू के बाद से ही ये युवा खिलाड़ी ने अपनी छाप छोड़ी है।



उन्हें पहले से ही दुनिया के बेहतरीन युवा खिलाड़ियों में गिना जाता है। बाएं हाथ का ये बल्लेबाज रिकॉर्ड बुक में अपना नाम और दर्ज करा सकता है। उसके पास टेस्ट में सबसे तेज 2000 रन बनाने वाले भारतीय बनने का सुनहरा मौका है। यशस्वी जायसवाल ने फिलहा 19 मैच की 36 पारियों में 52.88 के औसत से 1789 रन बनाए हैं। इसमें उनके नाम चार शतक और दस अद्धर्शतक हैं। अगर वह अगली तीन पारियों में 2000 रन का आंकड़ा पूरा करने में सफल हो जाते हैं तो वह टेस्ट में भारत के लिए सबसे तेज 2000 रन बनाने के मामले में राहुल द्रविड़ और वीरेंद्र सहवाग को पछाड़ सकते हैं।

## बुमराह-सिराज और जडेजा रच सकते हैं इतिहास



लंदन, 16 जून। स्टार तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा और विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत शामिल हैं।वहीं इंग्लैंड के खिलाफ पहले ही टेस्ट में भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज और रविंद्र जडेजा के पास लीड्स में इतिहास रचने का मौका है। संयोग से ये तीनों ही यहां एक-एक मैच खेले हैं और तीनों ने ही दो-दो विकेट अपने नाम किए हैं। अगर इन तीनों में से जो भी 20 जून से खेले जाने वाले टेस्ट में 6 विकेट लेने में सफल हो जाते हैं तो वह भारत के लिए लीड्स में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाला गेंदबाज बन जाएगा।

### 73 साल का महारिकॉर्ड पर निगाहें

लीड्स में 73 साल पहले भारतीय गेंदबाज गुलाम अहमद ने बनाया था। उन्होंने 1952 में खेले गए एक ही मैच में सात विकेट चटकाए थे। इसके बाद रोजर बिन्नी ने 1996 में सात विकेट अपने नाम कर गुलाम अहमद के रिकॉर्ड की बराबरी की। इसके बाद 2002 में अनिल कुंबले सात विकेट चटकाते हुए भारत को आखिरी बार यहां जिताया। इस तरह रोजर बिन्नी और अनिल कुंबले ने गुलाम अहमद के रिकॉर्ड की बराबरी तो की लेकिन उनसे आगे नहीं निकल पाए।

### राज्य स्तरीय सीनियर कॉल्विन शील्ड क्वार्टर फाइनल मैच

## श्रीगंगानगर के सुमित गोदारा का शानदार दोहरा शतक



जयपुर, 16 जून।आरसीए एडहॉक कमेटी सदस्य विमल शर्माने बताया कि बीसीसीआई के आगामी घरेलू क्रिकेट सत्र 2025-26 की पूर्व तैयारियों की लिए आरसीए एडहॉक कमेटी संयोजक व विधायक जयदीपबिहाणी के निर्देशानुसार राजस्थान क्रिकेट संघ द्वारा बीसीसीआई सीनियर रणजी ट्रॉफी क्रिकेट प्रतियोगिता में भाग लेने वाली राजस्थान सीनियर टीम के संभावितों के चयन हेतु आरसीए के तत्वाधान में खेली जा रही राज्य स्तरीय सीनियर कॉल्विन शील्ड क्रिकेट प्रतियोगिता के एक दिवसीय लीग मैचों के सफल आयोजन के बाद आज से जयपुर में प्रतियोगिता के 2 दिवसीय क्वाटर फाइनल मैच शुरू हुए।

श्रीगंगानगर के सुमित गोदारा ने शानदार दोहरा शतक जमाया। आज शिवा चौहान, शोभित मिश्रा, राम मोहन, मनीष टांक, दिव्य प्रताप राजपुरोहित, मुकुल चौधरी के अर्धशतक।मनीष कुमार, दानिश भाम्भू, तनवीर की बढ़िया गेंदबाजीरही।

**के एल सैनी स्टेडियम पर केक काटकर बनाया आरसीए एडहॉक कमेटी संयोजक जयदीप बिहाणी का जन्मदिन** एडहॉक कमेटी सदस्य विमल शर्मा ने बताया कि आज



आरसीएएडहॉक कमेटी संयोजक व श्रीगंगानगर विधायक जयदीप बिहाणी के 60वे जन्मदिन के अवसर पर के एल सैनी स्टेडियम परआरसीए एडहॉक कमेटी सदस्य विमल शर्मा, श्रीगंगानगर जिला क्रिकेट संघ सचिव विनोद सहारण, नागौर जिला क्रिकेट संघ सचिव राजेंद्र नांधू, टोंक जिला क्रिकेट संघ सचिव विवेक व्यास, डूंगरपुर जिला क्रिकेट संघ सचिव सुशील जैन, बूंदी जिला क्रिकेट संघ सचिव राजकुमार माथुर, आरसीए स्टाफ व राज्य स्तरीय सीनियर कॉल्विन शील्ड का क्वाटर फाइनल मैच खेल रही टीमों के सदस्यव मैच ऑफिशियल मौजूद थे।विमल के अनुसार जयदीप बिहाणी के जन्मदिन का केक आज के मैच में शानदार दोहरा शतक लगाने वाले श्रीगंगानगर के खिलाडी सुमित गोदारा ने काटा।



## अजीज वेस्ट जोन के तीसरे नंबर व राष्ट्रीय खिलाड़ी महेंद्र ठाकुर को 2-0 से हराकर क्वार्टर फाइनल में

जयपुर, 16 जून। स्वर्गीय देवकी ठाकुर स्मृति जयपुर जिला ओपन रैंकिंग कैरम प्रतियोगिता के तीसरे दिन, चौगान स्टेडियम पर खेली जा रही इस प्रतियोगिता के पुरुषों के एकल मुकाबले में आशिक़ (साबिर क्लब ) ने बिलाल (सईद) को, बॉबी (अली क्लब) ने नाज़िम को , प्रदीप ठाकुर ने दूसरे राउंड में अंकित शर्मा को , हिलाल ने आकिब को 2 -0 से, रमजान ने मोईन को, महेंद्र ठाकुर ने आयुष को 2 - 0 से, तनवीर ने हिशाम को 2 -0 से, जुनैद ने मेहराज को 2 -0 से हराया। एक शानदार हुए मैच में अज़ीज़ ने वेस्ट जोन के तीसरे नंबर व् राष्ट्रीय खिलाडी महेंद्र ठाकुर को 2 - 0 से हरा कर सभी क्वार्टर फाइनल में पहुंचे । महा सचिव जय प्रकाश ठाकुर ने बताया की सेमि फाइनल व् अन्य सभी कल प्रातः 9:30 से शुरू होकर 4 बजे तक ख़तम होकर, पुरुस्कार वितरण शाम 5 :30 होगा जिसमे मुख्य अतिथि भाजपा पूर्व कैबिनेट मंत्री व् लीडर राजेंद्र सिंह राठौर होंगे। अध्यक्ष पूर्व आईएएस अजय सिंह चित्तौरा, भाजपा पूर्व अध्यक्ष अरुण चतुर्वेदी व् जयपुर सांसद मंजू शर्मा होंगी।

## आर.डी. बाहेती जिला बैडमिंटन में पदमजा ने चार, गरिमा व रक्षित ने 3-3 खिताब जीते

जयपुर, 16 जून। आर डी बाहेती चैरिटेबल ट्रस्ट जयपुर जिला ओपन बैडमिंटन चैंपियनशिप में जिला बैडमिंटन में पद्मजा सिंह ने शानदार प्रदर्शन करते हुए चार खिताब जीते, वहीं रक्षित सिंह मेहरा व गरिमा यादव ने तीन-तीन खिताब जीते। इनके अलावा भानु प्रताप जाटोलिया,अद्विका अग्रवाल, जयवर्धन सिंह, अन्वी राठौर, श्रेयांश चौधरी, अंश कटारा ने भी दो-दो खिताब जीते।

आज पांच फाइनल खेले गए जिसमें बॉयज सिंगल्स अंडर 11 फाइनल में रक्षित सिंह मेहरा ने नैतिक बंसल को 21- 9, 21 -14 हराया। बॉयज सिंगल्स अंडर 13 फाइनल में रक्षित सिंह नेहरा ने लक्ष्यराज सिंह नाथावत को 21 -10, 21 -10 से हराया। तीसरा फाइनल बायस सिंगल्स अंदर-19 में भानु प्रताप जाटोलिया ने 21-9 ,21-17 अम्बर चंद्रवंशी को हराया। बॉयज 13 डबल्स



में रक्षित सिंह नेहरा और लक्ष्यराज सिंह की जोड़ी ने और प्रणव- अनीश चाहर की जोड़ी को 21 -12 ,21- 19 से हराया।

बॉयज डबल अंडर-19 के फाइनल में प्रांजल कौशिक व अंबर चंद्रवंशी की जोड़ी ने भानु प्रताप व विशाल चौधरी की जोड़ी को लंबे कड़े संघर्ष के बाद 20-22 ,20- 21, 21-17 से 55 मिनट के कडे संघर्ष में परास्त किया। जिला सचिव मनोज दासोत के अनुसार पारितोषित वितरण मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक में पूर्व चिकित्सा मंत्री कालीचरण सराफ तथा विशिष्ट अतिथि आरडी बाहेती, प्रदीप बाहेती, रिटायर्ड चीफ जस्टिस एन के जैन, यश समिति के अध्यक्ष आशीष सराफ तथा एडिशनल एसपी पुष्पेंद्र सिंह राठौड़ ने परितोषित वितरण किया इस मौके पर कालीचरण सराफ ने सभी खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया तथा खिलाड़ियों की खेल भावना की तारीफ की। वहीं प्रदीप बाहेती ने खिलाडियों की खेल भावना की तारीफ की।

आयोजन सचिव अतुल गुप्ता ने सभी को यह शानदार आयोजन के लिए बधाई दी। इस मौके पर बैडमिंटन से जुड़े अभय पुरोहित ,मधु कांत मोदी बीजेपी नेता ब्रहम कुमार सैनी, नटवर कुमावत, ललित भारद्वाज, राजपाल यादव, राजीव नागोरी, पराग लश्करी, डॉक्टर करण दीप सिंह आदि उपस्थित रहे।

## 34वीं सीनियर राष्ट्रीय वुशू प्रतियोगिता में आज राजस्थान के लिए मनोज एवं आनंद ने जीता कांस्य पदक



जयपुर,16 जून। भारतीय वुशू संघ व राजस्थान वुशू संघ के तत्वावधान मे दिनांक 14 से 19 जून तक पूर्णिमा यूनिवर्सिटी मे आयोजित हो रही 34वीं सीनियर राष्ट्रीय (पुरुष/महिला) वुशु प्रतियोगित के तीसरे दिन राजस्थान के लिए मनोज चित्तौडिया ने जिंगि क्वान एवं आनंद सैनी ने नन्क्वान में कांस्य पदक जीते। तीसरे दिन के समारोह के मुख्य अतिथि राहुल सिंघी, कॉफांउडर पूर्णिमा यूनिवर्सिटी, व विशिष्ट अतिथि भागवान सहाय, जाटवा, ज्वाईंट डायरेक्टर, कृषि मंडी, जीतु शर्मा, निदेशक रामेश्वरम पब्लिक सीनियर सैकण्डरी स्कूल, दीपक चौधरी निदेशक, सैंट विलियम्स सीनियर सैकण्डरी स्कूल, जयदेव मीणा, पार्षद नगर पालिका बगरू, रमेशा सिंह शर्मा, पार्षद, हनुमानराय चौधरी, डेयरी डायरेक्टर, रामनारायण थौरी, सरपंच रहे। हीरानंद कटारिया अध्यक्ष, राजस्थान वूशु संघ ने सभी अतिथियों का साफा पहनाकर व बूके, स्मृति चिन्ह भेट कर स्वागत अभिनन्दन किया।

## 21 दिवसीय केन्द्रीय आवासीय खेलकूद प्रशिक्षण शिविर का समापन आज

### डॉ. नीरज के. पवन, शासन सचिव युवा मामले एवं खेल विभाग व खेल परिषद अध्यक्ष होंगे मुख्य अतिथि

जयपुर, 16 जून। राजस्थान राज्य क्रीडा परिषद के सचिव राजेन्द्र सिंह सिसोदिया ने बताया कि राजस्थान राज्य क्रीडा परिषद द्वारा जयपुर में आयोजित 21 दिवसीय केन्द्रीय आवासीय खेलकूद प्रशिक्षण शिविर का मंगलवार को प्रातः 10 बजे सवाई मानसिंह स्टेडियम के इंडोर हॉल में समापन होगा। डॉ. नीरज के पवन, शासन सचिव युवा मामले एवं खेल विभाग व खेल परिषद अध्यक्ष समापन समारोह के मुख्य अतिथि होगें। खेल परिषद अध्यक्ष के अलावा समारोह की अध्यक्षता खेल परिषद के वित्तीय सलाहकार महावीर मीणा और विशिष्ठ अतिथि मुख्य शिविर निदेशक व मुख्य खेल अधिकारी वीरेन्द्र पूनिया होंगे।

21 दिवसीय शिविर 28 मई से आयोजित किया गया था, जिसका समापन मंगलवार को प्रातः होगा। शिविर में प्रदेशभर के खिलाडियों ने 21 दिन तक गहन प्रशिक्षण प्राप्त किया। उन्होने बताया कि प्रतिवर्ष मांउट आबू के अलावा जयपुर में केन्द्रीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान किया जाता है।

मुख्य खेल अधिकारी व मुख्य शिविर निदेशक वीरेन्द्र पूनिया ने बताया कि शिविर में 14 खेलों के बालक/बालिका खिलाडियों को गहन प्रशिक्षण दिया गया। परिषद के वरिष्ठ प्रशिक्षको द्वारा प्रातः काल व सायं काल खेल की बारिकियों व फिटनेस आदि के बारे में बताया गया। शिविर निदेशक व खेल प्रबन्धक रणविजय सिंह चाम्पावत ने बताया कि शिविर में 160 बालक व 135 बालिकाओं सहित कुल 295 खिलाडियों ने भाग लिया। खिलाडियों को शिविर में निःशुल्क आवास, भोजन और प्रशिक्षण मुहैया करवाई गई।


**कार्यालय जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर**

क्रमांक :- जो.वि.प्रा./जोधपुर/जोन पूर्व/RAJKAJ/15906751 दिनांक :- 13/06/2025

**खुली निविदा सूचना संख्या :- पूर्व/02-03/2025-26**

जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर की ओर से प्राधिकरण एवं राजकीय विभाग में नियमानुसार उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदार से सिविल कार्य हेतु मुहरबंद एवं निविदाएं बंद लिफाफे में आमंत्रित की जाती हैं। इन कार्यों की अनुमानित लागत, निविदा बेचे जाने तथा प्राप्त करने की दिनांक, निविदा शर्तें आदि सम्पूर्ण विवरण वेबसाईट **www.jodhpurjda.org** एवं **www.sppp.rajasthan.gov.in** पर देखी जा सकती है।

NIB Code: JOD2526A0045, 49
UBN No.: JOD2526WSOB00112, 00116, 00117

राज.संवाद/सी/25/4326 अधिशाषी अभियंता

**कार्यालय नगर परिषद बारां**

E-Mail : nagarpalikabaran@gmail.com स्टेशन रोड, बारां (राज0) Phone : 07453-230106

क्रमांक :- नपबा/सफाई/2025/1730 दिनांक :- 13.06.2025

**निविदा सूचना संख्या : 10/2025-26**

नगर परिषद बारां द्वारा वित्तिय वर्ष 2025-26 हेतु इस कार्यालय आवारा पशुओं को पकड़कर सरकारी अनुदान प्राप्त गौशाला एवं अन्य निर्जन स्थान जहॉं पर पर्याप्त चारा पानी उपलब्ध हो, उस स्थान पर छोडने का कार्य (श्रमिक सहित समस्त संसाधन) के लिए कार्य हेतु ऑनलाईन आमंत्रित की जाती है। इच्छुक संवेदक/फर्म निविदा से संबंधित नियम एवं शर्तें पोर्टल www.sppp.rajasthan.gov.in पर भी देख सकते है।

UBN No. DLB2526SSOB07871

आयुक्त
राज.संवाद/सी/25/4368 नगर परिषद बारां

**कार्यालय नगरपालिका रामगंजमण्डी जिला-कोटा (राज0)**

क्रमांक : न.पा.रा./2025/519 दिनांक 12.06.2025

**ई-निविदा सूचना 03/2025-26**

नगरपालिका रामगंजमंडी द्वारा कार्यो हेतु पालिका में पंजीकृत एवं विभागों में AA,A,B, Class एवं उपयुक्त श्रेणी संवेदको से लिफाफा पद्धति/ई-निविदा पद्धति से ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। कार्य की निविदा बेचे जाने की दिनांक 16.06.2025 से 29.06.2025 एवं अपलोड करने की दिनांक 16.06.2025 से 29.06.2025 सांय 6 बजे तक। ई.एम.डी./ निविदा शुल्क/प्रोसेसिंग फीस प्राप्त करने की तिथि : 30.06.2025 समय प्रातः 11.00 बजे तक। तकनीकी बिड खोलने कि दिनांक 30.06.2025 को दोप. 2.00 बजे बाद रहेगी। वित्तीय बिड तकनीकी परीक्षण उपरांत खोली जावेगी। निविदा शर्तें आदि सम्पूर्ण विवरण http//sppp.raj.nic.in, http//eproc.rajasthan.gov.in देखी जा सकती है।

| SR.NO | NIB | UBN |
|---|---|---|
| 1 | DLB-2526A2466 | DLB2526WSOB07786 |

अधिशाषी अधिकारी
राज.संवाद/सी/25/4334 नगरपालिका रामगंजमण्डी

**DR. BHIMRAO AMBEDKAR LAW UNIVERSITY**
(A State Funded University of Rajasthan) Plot No. 08, Dehmi Kalan, JDA Institutional Scheme, Bagru, Tehsil- Sanganer, Distt- Jaipur-303007 (Rajasthan)

F.No. F4(24)Exam/ALU/2025-26/1001 Date :- 13/06/2025

**NOTICE INVITING E-BID**

डॉ भीमराव अम्बेडकर विधि विश्वविद्यालय जयपुर द्वारा परीक्षाओं व अन्य कार्यों हेतु विनिर्दिष्ट निविदादाताओं से खुली ई-निविदा "Hiring of Vehicles category wise on Annual Rate Contract on demand basis" दिनांक 27.06.2025 को अपरान्ह 02.30 बजे तक आमंत्रित की जाती है। विस्तृत निविदा सूचना एवं शर्तें, अनुमानित लागत, बिड प्राप्त करने एवं भरी हुई बिड प्रस्तुत करने की दिनांक, बिड शर्तें आदि का सम्पूर्ण विवरण वेबसाईट **http://www.sppp.rajasthan.gov.in, http://www.eproc.rajasthan.gov.in** एवं विश्वविद्यालय की वेबसाईट **http://www.alujaipur.ac.in** पर देखी जा सकती है।

UBN : ALU2526SLRC00004

कुलसचिव
राज.संवाद/सी/25/4352 डॉ. भीमराव अम्बेडकर विधि विश्वविद्यालय

**श्री कर्ण नरेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय**

जोबनेर 303329, जिला जयपुर (राजस्थान) फोन नं. 01425-254988(का.) e-mail Id : comptroller@sknau.ac.in

क्रमांक :- एफ.03( )वि.नि./कोष./श्रीकनकृविवि/2025/ दिनांक :-

Proposal for Annual Rate Contract are invited up to 11.00 A.M. of 03.07.2025 for rate contract for purchase of glassware, plastic ware and other lab consumables. The details are available in the Bidding Documents which can be availed from the office of The Comptroller, Sri Karan Narendra Agriculture University, Jobner- 303 329 or can be accessed or downloaded from State Procurement Portal website **"sppp.rajasthan.gov.in"** or **"https://eproc.rajasthan.gov.in"** or website **"www.sknau.ac.in"**. The bidding document after filling up properly can be uploaded on website **"https://eproc.rajasthan.gov.in"** along with payment of Rs. 2000/- through banker's cheque/demand draft in favour of The Comptroller, Sri Karan Narendra Agriculture University, Jobner-303329.

UBN is: SKN2526GLOB00100

Raj.Samwad/C/25/4318 Comptroller

**कार्यालय नगरपालिका मण्डल, श्रीडूंगरगढ़ (बीकानेर)**

नेशनल हाईवे नम्बर- 11, श्रीडूंगरगढ जिला- बीकानेर
Tel. : 01565-224766 E-mail id : nagarpalikadungargarh0@gmail.com

क्रमांक :-न.पा.श्रीडूं/1120 दिनांक :-13.06.2025

**निविदा सूचना**

नगरपालिका मंडल श्रीडूंगरगढ़ के द्वारा विभिन्न कार्यों के लिए पंजीकृत संवेदकों से निर्धारित प्रपत्र में निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा की शर्तें व अन्य विवरण वेबसाईड sppp.rajasthan.gov.in व WWW.etenders.gov.in पर कर दिया गया हैं। जिसके युबीएन नम्बर निम्नानुसार है :-

| क्र.सं. | UBN NO |
|---|---|
| 1. | DLB2526GSOB07776 |
| 2. | DLB2526GSOB07778 |
| 3. | DLB2526GSOB07785 |
| 4. | DLB2526GSOB07782 |

अध्यक्ष नगरपालिका श्रीडूंगरगढ अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका श्रीडूंगरगढ
राज.संवाद/सी/25/4355

**जयपुर विकास प्राधिकरण**
इन्दिरा सर्किल, जवाहर लाल नेहरु मार्ग, जयपुर-302004

क्रमांक : जविप्रा/व.उ.वि./2025-26/09-14 दिनांकः 13.06.2025

**पूर्णकालीन बिड सूचना सं.-जविप्रा/व.उ.वि./2025-26/09-14**

आयुक्त, जयपुर विकास प्राधिकरण की ओर से प्राधिकरण के उद्यानिकी प्रवर्ग की उचित श्रेणी में पंजीकृत बोलीदाताओं एवं राज्य सरकार/केन्द्र सरकार के सभी विभागों में 'अअ' व 'अ' श्रेणी में पंजीकृत बोलीदाताओं से ई-विड (E-Procurement) निम्न विवरणानुसार आमन्त्रित की जाती है:-

| S. N. | NIB No. | Name of Work | Tender Amount (In lakh) | Sale/Download Date and End Date | Open Date | Job No |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 09 | Development and maintenance of Mahima Panash Road Airport road to maharana Pratap circle for 2 year in H. zone-I UBN No.: JDA2526WSOB00231 | 108.64 | 14.06.25 / 23.06.25 | 26.06.25 | 114/2025-26 |
| 2 | 10 | Development and Maintenance of Median and Greenbelt Bharat mata circle to Narayan vihar, (Narayan vihar 200 ft road) and Narayan vihar 200 ft road to Narayan sagar A Block for 2 year in H. zone-I UBN No.: JDA2526WSOB00232 | 91.69 | 14.06.25 / 23.06.25 | 26.06.25 | 123/2025-26 |
| 3 | 11 | Development and maintenance of Mahal Road to Housing Board (Rana Sanga Marg JDA area) and Abkari Thana to NRI Road for 2 year in H. zone-I UBN No.: JDA2526WSOB00234 | 86.68 | 14.06.25 / 23.06.25 | 26.06.25 | 121/2025-26 |
| 4 | 12 | Development and Maintenance of H T Line Greenbelt Narayan vihar 200 ft road to vande matram road for 2 year in H. zone-II UBN No.: JDA2526WSOB00235 | 104.18 | 14.06.25 / 23.06.25 | 26.06.25 | 125/2025-26 |
| 5 | 13 | Maintenance of Median and Greenbelt of Airport Road mahal road to cheelgadi restaurent for 2 year in H. zone-I UBN No.: JDA2526WSOB00236 | 86.67 | 14.06.25 / 23.06.25 | 26.06.25 | 124/2025-26 |
| 6 | 14 | Development and Maintenance of Median and Greenbelt of Prbhu Dayal marg sanganer flyover to hotel runway for 2 year in H. zone-I UBN No.: JDA2526WSOB00237 | 63.14 | 14.06.25 / 23.06.25 | 26.06.25 | 122/2025-26 |

नोट :-
1. बिड को बिना कारण बताये निरस्त किया जा सकता है।
2. बिड E-Procurement के जरिए प्राप्त की जायेगी। बोलीदाता द्वारा पंजीयन प्रमाण-पत्र की प्रति प्रस्तुत किया जाना आवश्यक है।
3. बिड से सम्बन्धित शर्तें वेबसाईट www.jda.rajasthan.gov.in, http:/eproc.rajasthan.gov.in, sppp.rajasthan.gov.in पर अथवा वरिष्ठ उद्यानविज्ञ के कार्यालय (कमरा नं. NB SF-204) में देखी जा सकती है।

राज.संवाद/सी/25/4353 वरिष्ठ उद्यानविज्ञ